


# हर्निया रिपेयर सर्जरी

INSTITUTE OF DIGESTIVE AND HEPATOBILIARY SCIENCES

## हर्निया रिपेयर सर्जरी क्या है?



हर्निया का सबसे आम उपचार सर्जरी होता है। यह तब बनता है जब आँत का एक भाग असामान्य रूप से मांसपेशी या ऊतक की दीवार से बाहर की और निकल जाता है। अधिकांश हर्निया आपके पेट या कमर में बनते हैं। हर्निया सर्जरी से सर्जन प्रभावित अंग और ऊतक को वापस अपनी जगह पर ले जाते हैं और टांके या सर्जिकल जाल(मेश) की सहायता से ऊपरी परत को मजबूत बनाते हैं, जिससे ये अंग अपनी जगह न छोड़े।

## हर्निया रिपेयर सर्जरी की आवश्यकता कब पड़ती है?

अधिकांश हर्निया को उपचार की आवश्यकता होती है क्योंकि समय के साथ इसके लक्षण गंभीर होते जाते हैं। हर्निया से अन्य अंगो पर दबाव के कारण असुविधा या दर्द जैसे लक्षण पैदा हो सकते हैं। लक्षण हर्निया के स्थान पर निर्भर करते हैं। उदाहरण के लिए कई बार हर्निया मांसपेशियों की दीवार से होते हुए आपके अंडकोश में जा सकता है, जिससे सूजन, सेक्स के दौरान दर्द या अन्य समस्याएँ महसूस हो सकती हैं। इसी तरह अंब्लिकल हर्निया में पेट फूलना, कब्ज, पेट पर हाथ लगाने पर दर्द, उल्टी, या एक लाल या बैंगनी रंग का उभार महसूस हो सकता है। हर्निया के लक्षण उत्पन्न होने पर या किसी जटिलता (सूजन व दर्द ) का खतरा होने पर डॉक्टर सर्जरी का सुझाव देते हैं।




## हर्निया रिपेयर सर्जरी से पहले डॉक्टर क्या सलाह देंगे?

डॉक्टर सबसे पहले ये निर्धारित करेंगे कि हर्निया रिपेयर सर्जरी मरीज़ के लिए सही है या नहीं। इसके लिए सबसे पहले वो मरीज़ के मेडिकल इतिहास और ली जा रही दवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी लेंगे। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य की स्थिति की समीक्षा के लिए रक्त परीक्षण या इमेजिंग टेस्ट किए जाएंगे। डॉक्टर मरीज़ को कई निर्देश देंगे, जैसे कि:

- मरीज़ को एस्पिरिन जैसी रक्त पतला करने वाली दवाएँ लेना बंद करने के लिए कहा जा सकता है।
- मरीज़ को सर्जरी से आठ घंटे पहले भोजन नहीं लेने की सलाह दी जाएगी।
- सर्जरी के बाद मरीज़ को घर तक ले जाने के लिए परिवारजन या सहायक की व्यवस्था करनी होगी।

## हर्निया रिपेयर सर्जरी के दौरान क्या होता है?

- प्रक्रिया सर्जरी के प्रकार पर निर्भर करती है (ओपन, लेप्रोस्कोपिक या रोबोटिक)। सबसे पहले मरीज़ को ऐसी दवाई दी जाएँगी जो दर्द को रोकती हैं।
- सर्जरी के लिए मरीज़ को जनरल या स्पाइनल एनेस्थीसिया दिया जायेगा।
- सर्जन ओपन सर्जरी के लिए एक चीरा या लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के लिए छोटे चीरे लगाते हैं।
- सर्जन सर्जिकल जाल का उपयोग कर एक मजबूत दीवार बनाते हैं। यह जाल हर्निया को दोबारा होने से रोकता है।



- सर्जन टांके लगा कर चीरों पर पट्टी बांध देंगे।
- हर्निया सर्जरी में सामान्यत: 30 मिनट से लेकर दो या तीन घंटे तक का समय लग सकता है। प्रक्रिया की अवधि हर्निया के प्रकार पर निर्भर करती है।

## हर्निया रिपेयर सर्जरी के बाद क्या होता है?

डॉक्टर सर्जरी के बाद मरीज़ को कुछ देर के लिए रिकवरी कक्ष में रखते हैं ताकि उनके हृदय गति, श्वास, रक्तचाप, और पल्स पर नज़र रखी जा सके।

- सर्जरी के बाद पहले 24 घंटों के लिए आराम करें।
- पहले दिन धीरे चलने जैसी बुनियादी गतिविधियाँ ही करें।
- कई जटिल हर्निया की रिपेयर सर्जरी के बाद मरीज़ को एक या दो रातों के लिए अस्पताल में रुकने की ज़रूरत हो सकती है।
- घर जाने के लिए किसी की सहायता लें।



## हर्निया रिपेयर सर्जरी के जोखिम क्या हैं?

- चीरे वाली जगह संक्रमण
- सेरोमा (द्रव्य का इकट्ठा होना)
- हीमेटोमा (रक्त का इकट्ठा होना)
- आस-पास के ऊतकों, अंगों, या रक्त वाहिकाओं को क्षति पहुँचना
- पेशाब में समस्या

हर्निया रिपेयर सर्जरी में निम्नलिखित दुर्लभ जटिलताएँ हो सकती हैं:

- सर्जिकल जाल का क्षय या टूटना
- सर्जिकल जाल के आस-पास के ऊतकों में संक्रमण
- लंबे समय तक दर्द
- हर्निया का दुबारा होना

## किन परिस्थितियों में तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करें?

अगर निम्नलिखित में से कोई भी लक्षण महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर को सूचित करें:



- बुखार और ठंड लगना
- कब्ज या गैस पास करने में असमर्थता
- चीरे के स्थान पर दर्द, लालिमा, सूजन, या मवाद निकलना
- चीरे की जगह से रक्तस्राव
- पैर या कमर में अचानक सूजन, दर्द या लालिमा




24/7
सेवा

मेदांता **24X7**

आपातकालीन हेल्पलाइन

# 1068

अपॉइंटमेंट बुक करने
के लिए स्कैन करें

medanta हेल्पलाइन

**890-439-5588**

Visit us at : www.medanta.org

मेदांता नेटवर्क: गुरुग्राम । दिल्ली । लखनऊ । पटना । इंदौर । रांची । नोएडा *
शीघ्र प्रारम्भ